(c) the varieties to be made use of and the estimated increase in the production thereof; and

(d) whether supply of irrigation and fertilizers has been stream-lined to make the scheme a success?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde): (a) to (d). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-438/67].

पालम हवाई अड्डा

804. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री स्वेल :
श्री हु० कु० तापड़िया :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पालम हवाई अड्डे को आधुनिक बनाने का प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है ; और

(ग) देश के अन्य कौन से ऐसे हवाई अड्डे हैं जिन्हें आधुनिक बनाने का विचार है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) पालम का मुख्य धावन-पथ इस समय वहां परिचालित किये जाने वाले सभी प्रकार के वाणिज्यिक विमानों के लिए उपयुक्त है । लेकिन यात्रियों का और अधिक अच्छे ढंग से प्रबन्ध करने की दृष्टि से टरमीनल सुविधाओं में काफ़ी सुधार की आवश्यकता है । पहले दौर में 8 लाख रुपये की लागत से कुछ परिवर्धन और परिवर्तन पहले ही किये जा चुके हैं और 32 लाख रुपये की लागत से निर्माण-कार्य का दूसरा दौर जल्दी ही शुरू किया जायेगा । मुख्य धावन-पथ के दक्षिण में एक नये अन्तर्राष्ट्रीय टरमीनल कॉम्प्लेक्स की व्यवहार्यता पर विचार किया जा रहा है ।

(ग) मद्रास और बम्बई के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों का भी आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव है । दमदम पर एक नया अन्तर्राष्ट्रीय ब्लॉक पहले ही पूर्ण होने वाला है ।

रामेश्वरम तलाई नौका सेवा

805. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नौवहन बोर्ड ने रामेश्वरम और तलाई मन्नार के बीच नौका सेवा को रेलवे से अपने हाथों में ले लिया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस नौका सेवा में काम करने वाले कर्मचारियों को रेलवे में लागू दरों से भत्ते मिल रहे हैं;

(ग) क्या कर्मचारियों ने कुछ मांगें रखी हैं; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और उन्हें पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) रामेश्वरम और तलाई मन्नार के बीच की नौका सेवा को भारतीय जहाजी निगम लिमिटेड ने दक्षिण रेलवे से अपने हाथ में ले लिया है ।

(ख) जी हां । कर्मचारियों को 1-10-67 तक भारतीय जहाजी निगम लिमिटेड में लागू शर्तों को स्वीकार करने के लिए विकल्प दिया गया है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है ।